शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

शनिवार 7 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 306 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




**अवकाश सूचना**

होली और धुरेंडी के चलते प्रधान कार्यालय में दो दिवस का अवकाश होने के चलते अखबार का प्रकाशन नहीं हो सका।

–प्रबंधक, राष्ट्रबाण

## रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारतः अमेरिका ने 3 अप्रैल तक रियायत दी

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**भारत** में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।



### अमेरिका से भी तेल खरीद बढ़ने की उम्मीद

बेसेंट ने कहा कि ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं। उन्होंने कहा– हमें ये उम्मीद है कि इसके बाद भारत अमेरिकी तेल की खरीद में तेजी लाएगा। अमेरिका का मानना है इस उपाय से ग्लोबल मार्केट में तेल की कमी नहीं होगी।

# रसोई गैस की हो सकती है किल्लत

## तेल कंपनियों को एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश; सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल किया

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने ये आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनयां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी।

### सरकार के आदेश का प्राइवेट कंपनियों पर असर

सरकार के इस फैसले का सीधा असर प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों, खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज पर पड़ सकता है। प्रोपेन और ब्यूटेन का डायवर्जन होने से अल्काइलेट्स के प्रोडक्शन में कमी आएगी, जिसका इस्तेमाल पेट्रोल की ग्रेडिंग सुधारने में किया जाता है। एक्सपर्ट्स और ट्रेड सोर्सेज का कहना है कि प्रोपेन और ब्यूटेन को पेट्रोकेमिकल के बजाय एलपीजी बनाने में इस्तेमाल करने से कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ेगा। पॉलीप्रोपाइलीन और अल्काइलेट्स जैसे पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स बाजार में एलपीजी के मुकाबले बेहतर कीमत पर बिकते हैं।

**राहत की बात: अकेले होर्मुज रूट के भरोसे नहीं भारत**

हालात चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है:

**रूस पर निर्भरता:** भारत अब अपनी जरूरत का 20% कच्चा तेल रूस से मंगा रहा है (फरवरी में 10.4 लाख बैरल प्रतिदिन), जो होर्मुज रूट पर निर्भरता कम करता है।

**पर्याप्त भंडार:** सूत्रों के अनुसार, देश के पास वर्तमान में पेट्रोलियम और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। MRPL जैसी रिफाइनरियों के बंद होने की खबरें महज अफवाह हैं।

### सीएनजी कंपनियों ने सरकार को लिखी चिट्ठी, संकट की चेतावनी



गैस की किल्लत को देखते हुए 'एसोसिएशन ऑफ सीजीडी एंटिटीज' ने सरकारी कंपनी गेल को पत्र लिखकर स्पष्टता मांगी है। कंपनियों का कहना है कि अगर कतर से आने वाली सस्ती गैस नहीं मिली, तो उन्हें 'स्पॉट मार्केट' से महंगी गैस खरीदनी पड़ेगी।

**कीमतों में अंतरस्पॉट**

मार्केट में गैस की कीमत फिलहाल 25 डॉलर प्रति यूनिट पहुंच गई है, जो कॉन्ट्रैक्ट वाली गैस से दोगुनी से भी ज्यादा है।

**ईवी में शिफ्ट होंगे लोग**

कंपनियों को डर है कि अगर ष्ह्लत्र के दाम बढ़े, तो लोग परमानेंटली ईवी की ओर शिफ्ट हो जाएंगे, जिससे गैस सेक्टर को नुकसान होगा।

### सिलेंडर की किल्लत रोकने के लिए सरकार का आदेश

सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

**1. 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का लगभग बंद होना**

भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है।

**2. ड्रोन हमले से एलएनजी का प्रोडक्शन रुका**

पिछले हफ्ते अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर स्ट्राइक की थी। इसके जवाब में ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत और सऊदी जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और पोर्ट्स को निशाना बनाया है। ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाले सबसे बड़े देश कतर ने अपने एलएनजी प्लांट का प्रोडक्शन रोक दिया है। इससे भारत में गैस की सप्लाई घट गई है। भारत अपनी जरूरत की 40% एलएनजी (करीब 2.7 करोड़ टन सालाना) कतर से ही आयात करता है।

### नॉलेज बॉक्सः एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 क्या है

सरकार ने यह आदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करके जारी किया है। इससे पहले सरकार ने यूक्रेन युद्ध के बाद तेल क्षेत्र में श्वस्रूके नियमों को लागू किया था। तब रिफाइनिंग कंपनियों से कहा गया था कि वे देश में फ्यूल की कमी न होने दें और इसे बाहर एक्सपोर्ट न करें, क्योंकि उस समय भारी मार्जिन मिलने की वजह से तेल बाहर बेचना काफी फायदे का सौदा बन गया था।

## इजराइल पर ईरान ने 22वीं बार मिसाइलें दागीं



### कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया

तेल अवीव | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं।

दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे।

ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया।

अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1332 लोगों की मौत। ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने। ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हुई। इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए। ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराष्ट्र के रत्नागिरी में केमिकल फैक्ट्री में धमाके में 11 घायल

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को एक बड़ा औद्योगिक हादसा हुआ। मुंबई से करीब 250 किमी दूर स्थित 'डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स' की केमिकल फैक्ट्री में धमाका हुआ। इसमें मजदूर घायल हुए हैं। यह कंपनी स्टील और टेक्सटाइल जैसी इंडस्ट्रीज के लिए सिलिका बेस्ड केमिकल्स बनाती है। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### ठाणे जिले में नाले के पास एक आदमी की बुरी तरह सड़ी हुई लाश मिली

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में नाले से पुरुष की लाश बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि शव बुरी तरह से सड़ चुका है। जानकारी मिलने के बाद लोकल मछुआरों की मदद से शव निकाला गया था। डेड बॉडी की पहचान कराई जा रही है। ठाणे के कोपर खैराने में एक इमारत का स्लैब गिरने से 11 छात्र घायल, एक गंभीर महाराष्ट्र में ठाणे के कोपर खैराने में एक इमारत का स्लैब गिरने से 11 छात्र घायल हो गए। नवी मुंबई नगर आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया– यह इमारत 1998 में बनी थी।

### हैदराबाद में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर 2 मजदूरों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरने के बाद दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना शहर के टोलिचौकी इलाके में गुरुवार को हुई। पुलिस के अनुसार, मजदूर इमारत पर निर्माण कार्य कर रहे थे, तभी चार मजदूर नीचे गिर गए। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में दो अन्य मजदूर घायल भी हुए हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

## रायसीना डायलॉग, ईरानी उप-विदेश मंत्री बोले- आखिरी गोली तक लड़ेंगे

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**दिल्ली** में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- तेहरान के पास अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ देश की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हमने कसम खाई है कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा।

उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते। यह एक तरह का औपनिवेशिक नजरिया है। वे अपने देश में लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन ईरान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी से चर्चा के दौरान खतीबजादेह ने कहा- ईरान इस समय पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। जब हम बात कर रहे हैं, मेरे साथी नागरिकों पर अमेरिका-इजराइल का लगातार हमला हो रहा है। मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमलावर के खिलाफ पूरी तरह से विरोध करे।

## नेपाल चुनाव- भारत विरोधी ओली 8,000 वोटों से पीछे

### अपने गढ़ में मिल रही हार, बालेन शाह की पार्टी आरएसपी 107 सीटों पर आगे

काठमांडू | एजेंसी
rashtrabaan.in

**नेपाल** में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 165 में से 150 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 4 सीटें जीतने के साथ 107 सीटों पर आगे चल रही है। आरएसपी पार्टी 2022 में बनी थी। वहीं गगन थापा की पार्टी नेपाली कांग्रेस ने एक सीट जीत ली है, जबकि 10 सीटों पर आगे है। वहीं केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल भी 11 सीटों पर आगे है। केपी ओली खुद भी झापा-5 सीट पर बालेन शाह से 5,261 वोटों से पीछे चल रहे हैं। ओली ने झापा-5 सीट से 2017 और 2022 का चुनाव जीता था। पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद गुरुवार को हुए चुनाव में 60% से ज्यादा लोगों ने वोट डाले। वोटों की गिनती में 3 से 4 दिन लगने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 9 मार्च तक काउंटिंग पूरी करने की कोशिश की जाएगी।



## असम में वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश : दोनों पायलट की मौत

### इनमें एक ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे; जोरहाट से 60 किमी दूर हादसा

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in



स्क्वाड्रन लीडर अनुज | फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर

**असम** के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा थे।

वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और ङ्क पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। विमान ने जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और शाम करीब 7:42 बजे रडार संपर्क टूट गया था। जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान पर था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए आईएएफ टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है।

**10 दिन पहले घर आए थे फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश**

नागपुर के न्यू सुबेदार लेआउट में रहने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने बताया कि उनका बेटा देश सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित अधिकारी था। यूनिट के ग्रुप कैप्टन ने फोन कर उन्हें हादसे की जानकारी दी। रविंद्र ने बताया कि तेजपुर में रनवे से जुड़े काम के कारण पूर्वेश की पोस्टिंग फिलहाल जोरहाट में थी।

### ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी; आंध्र में भी तैयारी

## कर्नाटक बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाएगा

बेंगलुरु | एजेंसी
rashtrabaan.in

**कर्नाटक** सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने की ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी।




### कॉलेज-विश्वविद्यालय में नशे पर सख्ती होगी

सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें।

**उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगी**

16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (DPDP) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगी। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 1 मार्च 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

# चिचोली में जय स्तंभ चौक से वीर दुर्गादास चौक तक सड़क चौड़ीकरण पर विवाद, बिना अनुमति निर्माण कराने का आरोप

## लोक निर्माण विभाग की सड़क पर नगर परिषद ने कराया चौड़ीकरण, नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर से जांच की मांग की, नियमों को ताक पर रखकर सड़क चौड़ीकरण का आरोप

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

नगर परिषद चिचोली द्वारा जय स्तंभ चौक से लेकर वीर दुर्गादास चौक तक कराए गए सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नेहा रूपेश आर्य ने इस मामले में जिला कलेक्टर से शिकायत कर आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग की सड़क पर बिना विभागीय अनुमति और नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया गया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। नेहा आर्य ने शिकायत में कहा है कि नगर परिषद चिचोली द्वारा लगातार नियमों के विरुद्ध कार्य किए जा रहे हैं। जय स्तंभ चौक से वीर दुर्गादास चौक तक सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य कराया गया, जबकि इसके लिए संबंधित विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई। उनके अनुसार नियमों के विपरीत टेंडर प्रक्रिया कराई गई और सड़क निर्माण से जुड़े तकनीकी





तथा प्रशासनिक पहलुओं की अनदेखी की गई। शिकायत में उन्होंने सवाल उठाया है कि सड़क के दस्तावेज देखे बिना नगरीय प्रशासन विभाग ने तकनीकी स्वीकृति किस आधार पर प्रदान की। साथ ही लोक निर्माण विभाग की पुरानी नाली को नगर परिषद द्वारा किस नियम के तहत तोड़ा गया।

### अधिकारियों ने किस नियम के तहत पूरी कराई टेंडर प्रक्रिया

नेहा आर्य ने बताया कि उन्होंने पत्र के माध्यम से लोक निर्माण विभाग से सड़क की स्थिति के संबंध में जानकारी मांगी थी, जिस पर विभाग ने लिखित रूप से स्वीकार किया कि संबंधित सड़क लोक निर्माण विभाग की ही है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि जब सड़क लोक निर्माण विभाग की है तो नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को विभाग ने क्यों नहीं रोका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब सड़क से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे तो अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया किस नियम के तहत पूरी कराई। इसके अलावा नियमानुसार कायाकल्प योजना में नई सड़क का निर्माण नहीं किया जाता, बल्कि पुरानी जर्जर सड़कों का सुधार किया जाता है, ऐसे में इस योजना के अंतर्गत किए गए निर्माण की भी जांच होना आवश्यक है।

### अनाधिकृत निर्माण के भुगतान पर तत्काल रोक की मांग

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित मार्ग का भु-अधिकार अभिलेख मध्यप्रदेश लैंड रेवेन्यू कोड 1954 की धारा 115 के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल बैतूल, चिचोली, तहसील बैतूल, चिचोली वर्ष 1967-68 तथा पटवारी हल्का क्रमांक 60 के अभिलेखों में लोक कर्म विभाग अर्थात लोक निर्माण विभाग के नाम से दर्ज है और इसकी चौड़ाई 80 फीट है। नेहा आर्य ने कलेक्टर से मांग की है कि यदि यह मार्ग नगर परिषद चिचोली के आधिपत्य में है या लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर परिषद को हस्तांतरित किया गया है तो इसके संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही नियमों के विरुद्ध कराए गए सड़क चौड़ीकरण कार्य की निष्पक्ष जांच कराकर अनाधिकृत निर्माण के भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सड़क लोक निर्माण विभाग से नगर परिषद चिचोली को हस्तांतरित नहीं की गई, तब तक शासकीय राशि का उपयोग कर निर्माण कार्य किस नियम के तहत कराया गया।

# आयुष विभाग ने शुरू किया 100 दिवसीय काउंटडाउन अभियान

## 1448 लोगों ने किया योगाभ्यास



राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय काउंटडाउन अभियान के शुभारंभ के लिए जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में लोगों को योग और आयुष पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास के साथ आयुष पद्धतियों से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी प्राप्त की। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र शाक्य और सहायक नोडल अधिकारी डॉ. मुस्कान भावसार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के सभी चिकित्सा अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों और योग सहायकों ने उपस्थित लोगों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से योगाभ्यास किया और आयुष पद्धति से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को योग और आयुष पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे लोग योग के महत्व को समझ रहे हैं और योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान में कुल 1448 लाभार्थियों ने भाग लिया।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में 9 मार्च को होगा विशाल प्रदर्शन

## शिवाजी ऑडिटोरियम से निकलेगी रैली, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

यूजीसी द्वारा 15 जनवरी 2026 को जोड़े गए नए नियमों के विरोध में सवर्ण समाज बैतूल ने बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की है। समाज का आरोप है कि ये नियम सवर्ण वर्ग के छात्रों के विरुद्ध हैं और इससे उन्हें झूठे आरोपों में फंसाकर पढ़ाई और भविष्य प्रभावित किया जा सकता है। इसी मुद्दे पर 6 मार्च को बैतूल में संयोजक मंडल की बैठक में 9 मार्च को धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन और विशाल रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन नियमों के तहत सवर्ण वर्ग का छात्र कुछ शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्र रूप से अध्ययन नहीं कर पाएगा और किसी भी समय झूठे आरोपों में फंसाकर उसकी जिंदगी बर्बाद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में छात्र को अपनी सफाई देने का भी पूरा अवसर नहीं मिल सकेगा और वह आरोपों से स्वयं को अलग साबित नहीं कर पाएगा। बैठक में इन नियमों को काला कानून बताते हुए पूरे समाज द्वारा इसका विरोध करने का निर्णय लिया गया।




### उद्योग विभाग के सामने देंगे धरना

कार्यक्रम के अनुसार 9 मार्च को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सभी लोग शिवाजी ऑडिटोरियम में एकत्रित होंगे। इसके बाद 12 बजे रैली निकाली जाएगी जो मुल्ला पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, लाली चौक होते हुए दादाजी के घर के सामने बाजार चौक से सीमेंट रोड के रास्ते लल्ली चौक पहुंचेगी। यहां से कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपा जाएगा और इसके बाद उद्योग विभाग के सामने बैठक के रूप में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में यूजीसी के इस कानून के प्रभाव और इससे सवर्ण समाज को होने वाले संभावित नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी तथा आगे की रणनीति पर भी चर्चा होगी। संयोजक मंडल ने कहा कि ज्ञापन देने के बाद भी यदि कानून वापस नहीं लिया गया तो आगामी समय में इसका विरोध और बड़े स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए सवर्ण समाज जिम्मेदार नहीं होगा। बैठक के अंत में सवर्ण समाज जिला बैतूल के जिला अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा गोल्डी, संयोजक राकेश त्रिवेदी तथा संयोजक ठाकुर जगदीश सिंह राघव ने जिलेभर के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर यूजीसी कानून के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### दत्त मंदिर सिविल लाइन में बैठक आज

इसके तहत 7 मार्च को शाम 5 बजे दत्त मंदिर सिविल लाइन बैतूल में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी का आह्वान किया जाएगा। संयोजक मंडल ने बताया कि यूजीसी के इस काले कानून के विरोध में 9 मार्च को दोपहर 12 बजे से बैतूल में धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन और विशाल रैली आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों, नगरों और ग्रामों से सवर्ण समाज के भाई-बहनों को बड़ी संख्या में शामिल होने का आमंत्रण दिया जाएगा।

# वेतन में कथित अवैध वसूली पर भड़का श्रमिकों का आक्रोश

राष्ट्रबाण सारनी| संवाददाता rashtrabaan.in

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के पाथाखेड़ा क्षेत्र में ठेका मजदूरों के वेतन से कथित अवैध वसूली का मामला अब गंभीर और निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। आंदोलन के आठवें दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में ठेका मजदूर न्याय की गुहार लेकर थाना सारनी पहुंचे और ठेकेदारों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। अब तक कुल 168 मजदूरों द्वारा शिकायत पत्र सौंपे जाने से पूरे क्षेत्र में इस मुद्दे को



लेकर हलचल तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूरों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों द्वारा वेतन भुगतान में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। मजदूरों का कहना है कि 32,500 रुपये मासिक वेतन में से लगभग 19,000 रुपये प्रति माह जबरन वापस लेने का दबाव बनाया जाता है। मजदूरों का आरोप है कि यदि वे यह राशि वापस नहीं करते तो उन्हें काम से निकालने और ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दी जाती है। इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद श्रमिक बस्तियों, गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों पर आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। वर्षों से खदानों में मेहनत करने वाले मजदूरों का कहना है कि उन्हें लगातार शोषण और भय के साये में काम करने को मजबूर किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है और ठेकेदारों की एक आपात बैठक बुलाए जाने की जानकारी सामने आई है, जिसमें मजदूरों की शिकायतों और समाधान को लेकर चर्चा होने की संभावना है। मामले को लेकर श्रमिक समाजसेवी प्रदीप नागले, संतोष देशमुख और मनोज पवार ने इसे मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि मेहनतकश मजदूरों की कमाई को जबरन वापस लेना न केवल अमानवीय कृत्य है बल्कि कानूनन भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की जानकारी डब्ल्यूसीएल के सीएमडी, नागपुर मुख्यालय को भी भेज दी गई है और दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने मजदूरों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# पीएसीएस को औषधि लाइसेंस देने के प्रस्ताव पर देशभर के दवा विक्रेताओं का विरोध

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

प्राथमिक कृषि साख समितियों (पीएसीएस) को फॉर्म 20ए और 21ए के अंतर्गत प्रतिबंधित औषधि लाइसेंस देने के प्रस्ताव को लेकर देशभर के दवा विक्रेताओं के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जिला औषधि विक्रेता संघ बैतूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संगठन ने इस प्रस्ताव को जनस्वास्थ्य, रोगी सुरक्षा और राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है तथा केंद्र सरकार से इस पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा है कि दवाएं जीवनरक्षक उत्पाद हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में कृषि रसायनों के समान नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि औषधियों का वितरण केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत फार्मासिस्ट की निगरानी में ही होना चाहिए। यदि इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरती गई तो यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ जोखिमपूर्ण प्रयोग होगा। संगठन के अनुसार ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल 1945 के नियम 62ए और 62बी ऐतिहासिक रूप से केवल अपवादस्वरूप परिस्थितियों के लिए बनाए गए थे। वर्तमान समय में देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर्स और पंजीकृत फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित लाइसेंस जारी करना न तो आवश्यक है और न ही औचित्यपूर्ण माना जा सकता। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने यह भी बताया कि प्राथमिक कृषि साख समितियां मुख्य रूप से उर्वरक, कीटनाशक और अन्य कृषि रसायनों का व्यापार करती हैं। ऐसे परिसरों में दवाओं का भंडारण करने से क्रॉस कंटैमिनेशन और अनुचित स्टोरेज का गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है, जो सीधे तौर पर रोगी सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है।

# बोरकुण्ड मेले में जुटे कोरकू समाज संगठन के पदाधिकारी

## आदिवासी गड़ली लोक नृत्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

भीमपुर ब्लॉक के दामजीपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरकुण्ड में आयोजित मेघनाथ बाबा मेला और आदिवासी गड़ली लोक नृत्य कार्यक्रम में कोरकू समाज संगठन के पदाधिकारी अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कोरकू समाज के सक्रिय समाजसेवी एवं कोरकू समाज संगठन के आकाश जिलाध्यक्ष तथा हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक बंडू लिखितकर की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में दामजीपुरा मंडल अध्यक्ष उषा डिकारे, जिला पंचायत सदस्य रेखा पांसे, कोरकू समाज संगठन के जिला महामंत्री अरुण मौसिक, भैंसदेही ब्लॉक प्रभारी धनराज टांडिलकर तथा वरिष्ठ समाजसेवी नीलकमल डिकारे सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी गड़ली लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मेले में पहुंचे लोगों का मन मोह लिया और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुखनदन सेलु और उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों ने आयोजन समिति के साथ ही ग्राम बोरकुण्ड के युवा साथियों नरसिंग सेलुकर और रुपसिंह सेलुकर सहित सभी ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी बंडू लिखितकर ने कहा कि आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण समाज की जिम्मेदारी है और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। बंडू लिखितकर लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और क्षेत्र के लोगों की समस्याओ को हमेशा शासन प्रसाशन से अवगत करते रहते है। हाल ही में कोरकू समाज की महापूजा महा महोत्सव कार्यक्रम को भी संपन्न कराया है, जिसमें समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रही। इस अवसर पर दामजीपुरा मंडल अध्यक्ष उषा डिकारे ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। जिला पंचायत सदस्य रेखा पांसे ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं और संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना जरूरी है। कोरकू समाज संगठन के जिला महामंत्री अरुण मौसिक ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया, जबकि भैंसदेही ब्लॉक प्रभारी धनराज टांडिलकर ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है।

## सभी हार्वेस्टिंग धारकों को प्रशासन से सहयोग देने की अपील

# बाहरी हार्वेस्टर को न रोका जाए, किसानों ने कलेक्टर से की मांग

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

रबी फसल की हार्वेस्टिंग को लेकर बैतूल जिले के किसानों एवं हार्वेस्टर मालिकों ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर बाहरी हार्वेस्टर को रोकने के प्रयासों पर रोक लगाने और प्रशासन से सहयोग की मांग की है। किसानों ने बताया कि पूर्व में बाहरी हार्वेस्टिंग को रोकने के संबंध में कुछ आवेदन प्रशासन को दिए गए थे, लेकिन वर्तमान में किसान फसलों के समर्थन मूल्य को लेकर पहले ही त्रस्त और परेशान है। किसानों का कहना है कि कोई भी फसल समर्थन मूल्य पर नहीं बिक रही है और शासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे




किसान कंगाली और बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है।

किसानों और हार्वेस्टर मालिकों ने आवेदन में बताया कि इस समय गर्मी के दिन हैं और आगजनी का खतरा बना रहता है, ऐसे में समय पर फसल कटाई होना जरूरी है। उनके अनुसार किसानों के लिए सभी हार्वेस्टर मालिक एक समान हैं और किसी को बाहरी कहकर अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। किसानों का कहना है कि खेती का काम दलगत भावना और जात-पात से ऊपर उठकर होना चाहिए तथा अधिक हार्वेस्टर रहने से किसानों की फसल समय पर और वाजिब दाम पर कट सकेगी।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि किसान भारतीय हैं और देश के किसी भी कोने से आने वाले हार्वेस्टर का स्वागत करते हैं। किसानों ने बताया कि गर्मी और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने बाहर से हार्वेस्टर बुलाए हैं, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इन हार्वेस्टर मालिकों को धमकी दी जा रही है कि बैतूल जिले से बाहर निकल जाओ, अन्यथा उन्हें और उनकी मशीनों को नुकसान पहुंचाया जाएगा।

किसानों एवं हार्वेस्टर धारकों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी हार्वेस्टिंग धारकों को शासन से सहयोग दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। किसानों ने अपील की है कि सभी लोग दलगत भावना से ऊपर उठकर किसानों को सहयोग और सम्मान दें ताकि रबी फसल की हार्वेस्टिंग सुचारू रूप से हो सके। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता रमेश गायकवाड़, महादेवराव कोलेकर, दयाल पटेल, सुरेश, संतोष दुबे तथा हार्वेस्टर संचालक गुरप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, सरबजीत सिंह और सुखराज सिंह शामिल हैं।

# पेंशनर्स हित रक्षक संघ की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक आज 7 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे तरंग ऑफिस के सामने साउथ डिविजन में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स सदस्यों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्य शासन को पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन में उठाई गई मांगों के संबंध में अब तक हुई कार्रवाई और आगामी योजना की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के दायित्वों को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा होगी, ताकि जिले भर में निवासरत पेंशनर्स साथियों से सीधे संपर्क स्थापित किया जा सके और उनकी समस्याओं का अल्प समय में समाधान कराया जा सके।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 1 मार्च 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# जिले में 19 मार्च से प्रारंभ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

## कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों के लिए दिये निर्देश

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा जल संरक्षण के लिए आगामी 19 मार्च से प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही बालाघाट जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिले में इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 06 मार्च को अधिकारियों की बैठक लेकर इस अभियान के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ करने के निर्देश दिये।



### आंगनवाडी केंद्रो में पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य होंगे

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में जिन आंगनवाडी केंद्रो के शासकीय भवन है उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पोषण वाटिका अनिवार्य रूप से तैयार की जाए। प्रत्येक आंगनवाडी में पोषण वाटिका के लिए 10 हजार एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए 16 हजार रुपए की राशि व्यय करना है। इस प्रकार 26 हजार रुपए से सभी भवनो वाले आंगनवाडी केंद्रो में यह कार्य व्यवस्थित रूप से किये जाए। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस अभियान के अंतर्गत बांधों एवं नहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही उनकी सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जाए। वन विभाग के अधिकारियों से कहा गया कि इस अभियान के अंतर्गत वन क्षेत्र में वन्य प्राणियों के लिए तालाब आदि का निर्माण किया जाए।

### अभियान के कार्यों को माय भारत पोर्टल पर अपलोड किया जाए

कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों से कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करना है। इस अभियान में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को शामिल करने के साथ ही जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 01 मई 2025 से 01 जून 2026 तक कराये जाने वाले कार्यों को माय भारत पोर्टल पर अपलोड अनिवार्य रूप से करना है। पोर्टल पर जल संरक्षण संबंधी कार्यों के फोटोग्राफ्स एवं जानकारियॉ सावधानी के साथ अपलोड की जाए इसमें किसी भी तरह की त्रूटि नही होना चाहिए। जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत निर्मित होने वाली जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिये गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री क्षितिज कराडे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जल संसाधन व वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### फेंसिंग के साथ करना है वृक्षारोपण के कार्य

बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण, जल स्त्रोतों की सफाई एवं वृक्षारोपण के कार्य किये जाए। वृक्षारोपण के कार्यों को फेंसिंग के साथ करना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि सभी हैण्डपंप एवं जल जीवन मिशन की योजनाओं के जल स्त्रोतों की सफाई व स्वच्छता का कार्य कराए। इसके साथ ही सभी हैंडपम्प एवं अन्य जल स्त्रोतों में वाटर रिचार्ज की व्यवस्था की जाए।

### नगरीय क्षेत्रों में सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य किये जाएंगे

बैठक में बताया गया कि 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराये जाने है। इसके साथ ही जल स्त्रोतों, कुओं एवं पुरानी बावडियों के संरक्षण के लिए कार्य करना है। जल संरक्षण के लिए तालाब, स्टॉप डेम, चेकडेम, कंटूर ट्रेंच एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण करना है। नगरीय क्षेत्रों में नालों एवं नालियों का सौंदर्यीकरण किया जाना है। नगरीय क्षेत्रों में इस कार्य को स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ जोडकर करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य करना है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के कार्य करना है और अमृत योजना के कार्यों को पूर्ण करना है।

# कलेक्टर ने की रेल ओव्हरब्रिज के कार्यों की समीक्षा

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 06 मार्च को सेतु निर्माण संभाग, लोक निर्माण विभाग, रेलवे, यातायात विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न स्थानों पर बनाये जा रहे रेल ओव्हरब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी भी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम सरेखा रेलवे ओव्हरब्रिज के कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि ब्रिज के सरफेस सुधार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ब्रिज पर हाईमास्क लाईट एवं स्ट्रीट लाईट चालू कर दी गई है। कलेक्टर श्री मीना ने इस रेलवे ब्रिज के नीचे की भूमि का व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम श्री गोपाल सोनी को नगर पालिका एवं स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय कर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

बालाघाट-गर्रा रोड पर बन रहे रेल ओव्हरब्रिज के कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस ब्रिज पर लाइटिंग एवं सिविल वर्क किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि गर्डर लांचिंग में विलंब हो रहा है और यह कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर श्री मीना ने इस पर कहा कि गर्रा के इस ओव्हरब्रिज में गर्डर लांचिंग के कार्य की समय सीमा 30 अप्रैल के बाद नही बढायी जाएगी। अतः गर्डर लांचिंग का कार्य 30 अप्रैल के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि डेंजर रोड के सुधार एवं मरम्मत का कार्य तथा साइड सोल्डर भरने का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। डेंजर रोड पर रेलवे ब्रिज के नीचे सडक का सुधार कार्य भी तेजी से करने के निर्देश दिये गए।

वारासिवनी-वारा में बन रहे रेल ओव्हरब्रिज कार्य की समीक्षा में बताया गया कि ब्रिज के ऊपर हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य चल रहा है। 20 मार्च से इस ब्रिज पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री मीना ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि 20 मार्च से इस ब्रिज पर आवागमन शुरू करने के पूर्व शेष सभी कार्य पूर्ण कर लिये जाए।

बालाघाट-भटेरा के बीच बनने वाले रेल ओव्हरब्रिज कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस ब्रिज के लिए भू-अर्जन की कार्यवाही अंतिम चरण में है। भूमि अधिग्रहण के एवज में 25 करोड रुपए की राशि का 02 दिनों के भीतर वितरण कर दिया जाएगा। राशि वितरण के साथ ही ठेकेदार द्वारा ब्रिज का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान बालाघाट से भटेरा की ओर दो पहिया, चार पहिया वाहनों एवं यात्री बसों के आवागमन पर चर्चा की गई। बताया गया कि बैहर रोड पर डॉ. शिशिर खरे के मकान के सामने से दो पहिया एवं हल्के वाहनों के लिए आवागमन की व्यवस्था की जा रही है। लामता की ओर से आने वाले बसों के लिए अस्थायी बस स्टैण्ड के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान यह भी सुझाव दिया गया कि लामता की ओर से आने वाली यात्री बसों को कुम्हारी से वैनगंगा पुल पार कर धपेरा-मोहगांव-बेहरई-कनकी होते हुए बालाघाट लाया जा सकता है। इससे अस्थायी बस स्टैण्ड बनाने की आवश्यकता नही होगी। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम श्री सोनी को यातायात प्रभारी एवं परिवहन विभाग के अधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि वारासिवनी-कटंगी रोड शेरपार चौकी पर बन रहे ओव्हरब्रिज का कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। वारासिवनी-कटंगी रोड में अगासी चौकी पर रेल ओव्हरब्रिज का कार्य पूर्ण हो गया है और इससे आवागमन चालू हो गया है। बैठक में जागपुर घाट पर बन रहे पुल के कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जागपुर घाट के पुल के फाउंडेशन का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है और 11 नग गर्डर कास्टिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। इस पुल के गर्डर नदी में बनाये गए है। इनका उपयोग वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व अनिवार्य रूप से करना होगा अन्यथा नदी में बाढ आने पर यह गर्डर क्षतिग्रस्त हो सकती है।

# जिला शिक्षा अधिकारी के उड़नदस्ता दल ने किया मोहनपुर, बिठली, सोनगुड्डा, डाबरी एवं पाथरी के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं जिले में संचालित हो रही हैं। परीक्षाओं के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार जिले के सभी 10 विकासखंडों में विभिन्न अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ (बीडीओ), एसडीएम एवं तहसीलदार को बोर्ड परीक्षा केंद्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 06 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय के उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोहनपुर, बिठली, सोनगुड्डा, डाबरी एवं पाथरी स्थित बोर्ड परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था, कक्ष निरीक्षण, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की उपस्थिति तथा परीक्षा संचालन की समुचित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित पाई गईं।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों एवं कक्ष निरीक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो तथा विद्यार्थियों को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में परीक्षा देने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# कृषि विज्ञान केंद्र बडगांव में पोस्ट बजट वेबिनार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in




राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव, बालाघाट में 6 मार्च 2026 को पोस्ट बजट वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किरनापुर श्रीमती वनिता रंगारे सहित 150 से अधिक किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ÷कृषि और रूरल ट्रांसफॉर्मेशन÷ विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित किया। इस थीम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों कृषि, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन, मछली पालन और ग्रामीण रोजगार को शामिल करते हुए आठ अलग-अलग वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। वेबिनार में काजू, नारियल, चंदन, अगरवुड, बादाम, अखरोट और पाइन नट्स जैसी फसलों की संभावनाओं को बढ़ावा देकर हाई-वैल्यू कृषि को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कृषि के लिए एआई-पावर्ड डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर तथा ÷भारत विस्तार÷ जैसे प्लेटफॉर्म से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पशुपालन वैल्यू चेन में निजी क्षेत्र के निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा देने, मछली पालन के लिए जलाशयों और अमृत सरोवरों के समेकित विकास, तटीय मछली पालन वैल्यू चेन को मजबूत करने तथा सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर्स-मार्केटिंग एवेन्यूज फॉर रूरल ट्रांसफॉर्मेशन (साश्व-स्त्र्ञ्ल्लस) के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लोग अपने दृढ़ संकल्प से सबसे कठिन कार्यों को भी संभव बना देते हैं और सही दिशा में निरंतर प्रयास से बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठी में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे ने प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रबी फसलों जैसे चना, सरसों और गेहूं में प्राकृतिक एवं जैविक खेती के माध्यम से बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को केंद्र की विभिन्न इकाइयों जैसे प्राकृतिक खेती इकाई, पौध उत्पादन इकाई, सब्जी उत्पादन इकाई, मशरूम इकाई, मुर्गी पालन इकाई, एजोला इकाई, नाडेप इकाई, वर्मी कम्पोस्ट इकाई तथा कृषि यंत्र इकाई का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के श्री धर्मेंद्र आगाशे, श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा एवं श्री दिलीप कुमार शिव का सराहनीय योगदान रहा।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 6 मार्च 2026 को विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.के. खण्डायत ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार कार्य करना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों में अनावश्यक तनाव उत्पन्न न हो। नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने कहा कि विद्यार्थी और स्टाफ बेहतर जीवनशैली अपनाकर कार्यस्थल में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। सकारात्मक सोच और धैर्य के साथ जीवन जीकर व्यक्ति तनाव से दूर रह सकता है तथा मानसिक शांति का अनुभव कर सकता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए व्यक्ति को सदैव अच्छे कार्य करते रहना चाहिए तथा सद्भावपूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in




पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 6 मार्च 2026 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती फिरोजा खान, विद्यालय आंतरिक समिति सदस्य, मानव अधिकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा श्रीमती सुनीता जंघेला, सदस्य बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड बालाघाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे द्वारा मुख्य अतिथियों के हरित स्वागत के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक श्री रितेश अग्रवाल एवं श्री संजय डोंगरे ने गीत प्रस्तुत किए। डॉ. सुनीता गुप्ता ने कविता पाठ किया। श्री रूपेंद्र बिसेन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि श्री सचिन पंद्रे ने संगीतमय प्रस्तुति दी। वरिष्ठ शिक्षक श्री अमर नारायण शुक्ला द्वारा भी विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने अपने जीवन के यादगार अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने अपने संबोधन में सभी महिला कर्मियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस दिवस के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की आवश्यकता और उद्देश्य पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा विद्यालय की सभी महिला कर्मचारियों को भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती वीणा बागडे ने आभार प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री श्रावण बोदेले ने किया।

## कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए बहाना होता था पसीना, अब नल से घरों में पहुंच रही है जलधारा

# जल जीवन मिशन ने बदली वनांचल के ग्राम चरचेंडी की तस्वीर

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



बालाघाट जिले के घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे विकासखंड बिरसा की ग्राम पंचायत हर्राभाट के वन क्षेत्र में स्थित ग्राम चरचेंडी में लोगों को कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता था और पसीना बहाना होता था। सुबह की पहली किरण के साथ ही गाँव की माताएँ-बहनें सिर पर घड़े और हाथों में बाल्टियाँ लेकर दूर के जलस्रोतों की ओर निकल पड़ती थीं। पानी के लिए संघर्ष की यह थकाऊ यात्रा उनकी रोजमर्रा की नियति बन चुकी थी। कई बार पानी कम पड़ जाता तो दिन भर की मेहनत के बाद भी प्यास अधूरी रह जातीलेकिन आज वही चरचेंडी एक नई कहानी लिख रहा है। अब इस गाँव की गलियों में पानी के लिए कतारें नहीं लगतीं, बल्कि हर घर के आँगन में लगे नल से शुद्ध पेयजल की धारा बहती है। यह बदलाव संभव हुआ है जल जीवन मिशन के माध्यम से, जिसने इस दूरस्थ वनांचल में उम्मीद और खुशहाली का नया सवेरा ला दिया है। बालाघाट जिला मुख्यालय से लगभग 112 किलोमीटर दूर बसे इस गाँव में अधिकतर लोग कृषि और मजदूरी पर निर्भर हैं। बरसों तक यहाँ पानी की समस्या सबसे बड़ी चुनौती बनी रही। गर्मियों में तो हालात और भी कठिन हो जाते थे। महिलाएँ और बच्चे दिन का बड़ा हिस्सा पानी लाने में ही गुजार देते थे। फिर 14 सितंबर 2023 को शुरू हुआ जल जीवन मिशन का काम, जो इस गाँव के लिए भगीरथ प्रयास साबित हुआ। आधुनिक तकनीक के साथ यहाँ 75 केएल क्षमता की ऊँची पानी की टंकी और 20 केएल का सम्पवेल बनाया गया है। इसके माध्यम से गाँव के लगभग 270 घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुँचाया गया और 'हर घर नल' का सपना साकार हो गया। अब चरचेंडी की सुबह का दृश्य बदल चुका है। पहले जहाँ महिलाएँ पानी के मटके लेकर दूर निकल जाती थीं, वहीं आज घर के आँगन में ही नल खोलते ही साफ पानी मिल जाता है। इससे न केवल ग्रामीणों के जीवन में सुविधा आई है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर में भी सुधार हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव बच्चों के जीवन में आया है। पहले जो बच्चे अपनी माँ के साथ पानी लाने में समय बिताते थे, अब वही बच्चे स्कूल की किताबों में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। समय की यह बचत उनके सपनों को नई उड़ान दे रही है। गाँव की महिलाएँ मुस्कुराते हुए कहती हैं कि अब पानी के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती। घर के पास ही पानी मिल जाने से जीवन पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है।

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण


## सिवनी भाजपा में कार्यकारिणी पर संग्राम, महामंत्री पद को लेकर बवाल

# सर्किट हाउस में सिंडिकेट लिखी विरोध की स्क्रिप्ट?

### क्या बागरी समाज को सम्मान मिलने से नाराज है भाजपा का सिंडिकेट?



कार्यालय का घेराव करते अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष और समर्थक।

सिवनी भाजपा में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन के भीतर सियासी भूचाल आ गया है। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष मानाठाकुर ने कार्यकारिणी में मुकेश बघेल को जिला महामंत्री बनाए जाने पर खुला विरोध दर्ज करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विरोध इतना बढ़ गया कि भाजपा कार्यालय का घेराव और नारेबाजी तक हो गई। दूसरी ओर बघेल समाज ने भी पलटवार करते हुए साफ कहा है कि मुकेश बघेल को अनुसूचित जाति से महामंत्री बनाना पूरी तरह सही है। इस विवाद ने अब भाजपा के अंदरूनी गुटों और कथित 'सिंडिकेट' की राजनीति को भी उजागर कर दिया है।



**आशीष माना ठाकुर,** अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष : जिलाध्यक्ष ने हम दलितों का हक़ छीना।



**अशोक रोहाणी** जिला संगठन प्रभारी : पार्टी फोरम पर बात पहुंचाई जाएगी।



**जितेंद्र उर्फ़ रूपक बघेल,** बघेल युवा क्रांति सेना : न्यायालय से मिला अधिकार, लोग भ्रम फैला रहे।



**मीना बिसेन** भाजपा जिलाध्यक्ष : आरोप सही या निराधार ?

### भाजपा कार्यालय का घेराव, नारेबाजी

विवाद उस समय और बढ़ गया जब अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष मानाठाकुर अपने समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए जिलाध्यक्ष मीना बिसेन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भाजपा संगठन प्रभारी अशोक रोहाणी को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संगठन में मनमानी करते हुए एक वर्ग के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

#### बघेल समाज का पलटवार

इस पूरे विवाद पर बघेल समाज की ओर से भी तुरंत प्रतिक्रिया सामने आई। बघेल युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष जितेंद्र उर्फ रूपक बघेल ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर समाज की स्थिति को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बघेल समाज ने लंबे समय तक अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और उच्च न्यायालय से अपने अनुसूचित जाति के अधिकार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय हासिल किया है। उनके अनुसार अब बघेल समाज अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर चुका है, इसलिए मुकेश बघेल को उस वर्ग से जिला महामंत्री बनाए जाने में कोई भी नियम का उल्लंघन नहीं हुआ है। रूपक बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा ने हमेशा सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने की परंपरा निभाई है और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है। मुकेश बघेल को जिम्मेदारी मिलना भी उसी का परिणाम है।

### सिंडिकेट राजनीति का आरोप

भाजपा कार्यालय में हुए इस विरोध के बाद पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस पूरे विरोध की पटकथा पहले से तैयार की गई थी। सूत्रों के मुताबिक नगर के सर्किट हाउस में भाजपा के कुछ नेताओं की बैठक हुई थी, जहां इस विरोध की रणनीति बनाई गई। बताया जा रहा है कि इस बैठक में कथित सिंडिकेट के सदस्य आलोक दुबे, प्रेम तिवारी और अजय डगोरिया सहित कई नेता मौजूद थे। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा के अंदर चल रही यह गुटीय राजनीति अब खुलकर सामने आने लगी है और कार्यकारिणी की घोषणा ने इसे और तेज कर दिया है।


राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in


**सिवनी** जिले में भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित होते ही पार्टी के अंदर असंतोष खुलकर सामने आ गया। विवाद की जड़ बना जिला महामंत्री का पद, जिस पर मुकेश बघेल की नियुक्ति के बाद अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष मानाठाकुर ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

आशीष मानाठाकुर ने आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने संगठन के नियमों की अनदेखी करते हुए मुकेश बघेल को अनुसूचित जाति का बताकर प्रदेश नेतृत्व को गुमराह किया है। उनका कहना है कि भाजपा की जिला कार्यकारिणी में तीन महामंत्री बनाए जाते हैं, जिनमें से एक पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित रहता है। लेकिन इस पद पर सामान्य वर्ग के व्यक्ति को बैठाकर अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों का हनन किया गया है। मानाठाकुर ने इसे अनुसूचित जाति समाज के साथ अन्याय बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि संगठन में सामाजिक संतुलन बनाए रखने के नियमों को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

### कौन हैं मुकेश बघेल?

मुकेश बघेल भाजपा संगठन में लंबे समय से सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और क्षेत्र में भी उनका प्रभाव बताया जाता है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मुकेश बघेल मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के करीबी और विश्वासपात्र माने जाते हैं। यही वजह है कि उन्हें जिला महामंत्री बनाने के पीछे सांसद कुलस्ते की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अब तक सिवनी भाजपा में जो गुटबाजी मुख्य रूप से सिवनी विधायक दिनेश राय के विरोध के रूप में देखी जाती थी, वह अब नए मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। मुकेश बघेल के विरोध के बाद यह संकेत मिलने लगे हैं कि भाजपा के भीतर का यह गुट अब सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के प्रभाव को भी चुनौती देने की दिशा में बढ़ रहा है।

### संगठन प्रभारी बोले पार्टी फोरम में रखी जाएगी बात

सिवनी भाजपा में उठा यह विवाद फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा। एक तरफ संगठन के भीतर से विरोध की आवाज उठ रही है, इस मामले पर सिवनी जिला संगठन प्रभारी अशोक रोहाणी कहते है की सभी सदस्य पार्टी और परिवार के है। पार्टी के कुछ सदस्य की नाराजगी है उसे पार्टी के आलाकमान को अवगत कराया जायेगा, पार्टी फोरम में बात रखी जाएगी। यह विवाद आगे क्या मोड़ लेगा यह तो आने वाला वक्त तय करेगा। अब निगाहें प्रदेश नेतृत्व पर टिक गई हैं कि वह इस विवाद पर क्या रुख अपनाता है। अगर समय रहते समाधान नहीं निकला तो यह मामला भाजपा के लिए संगठनात्मक असहजता और राजनीतिक नुकसान का कारण भी बन सकता है।

# लाड़ली बहनों के सम्मान का दावा और 317 करोड़ के जाम का छलावा!


राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in


एक तरफ मंचों से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी कसमें खाई जाती हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार की तिजोरी भरने के लिए घर-घर तक नशा पहुँचाने का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। सरकार की कथनी और करनी का यह विरोधाभास सिवनी जिले में शराब दुकानों की नीलामी के नए आंकड़ों के साथ खुलकर सामने आ गया है।

### प्रतिदिन 1 करोड़ का नशा परोसने का लक्ष्य

आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सिवनी जिले में शराब दुकानों के लिए 317 करोड़ 50 लाख रुपये का भारी-भरकम लक्ष्य रखा है। गणित सीधा और डराने वाला है, सरकार चाहती है कि जिले की जनता प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ रुपये की शराब गटक जाए।

वही बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार यह भूल गई है कि शराब के नशे में चूर होकर ही अक्सर सड़कों और घरों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा की घटनाएं होती हैं? एक तरफ बेटी बचाओ का नारा और दूसरी तरफ बोतल बेचो का यह एजेंडा आखिर किस विकास की ओर इशारा कर रहा है?



### दोहरी नीति के तीखे प्रहार

सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस और सुरक्षा हेल्पलाइन की बात करती है, लेकिन उसी सुरक्षा को दांव पर लगाकर शराब से करोड़ों का राजस्व वसूलने में जुटी है। वही जिले के शराब आंकड़ों से प्रतीत होता है कि घर उजाड़ने की तैयारी सरकार ने कर चुकी है जिले में 58 शराब दुकानों का पुन: जाल बिछाया जा रहा है।

क्या सरकार को अंदाजा है कि ये 317 करोड़ रुपये किन परिवारों की मेहनत की कमाई से आएंगे और कितने चूल्हे इसकी बलि चढ़ेंगे? प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के नाम पर ई-टेंडर और ई-ऑक्शन का सहारा लिया जा रहा है, ताकि बिना किसी शोर-शराबे के नशे का यह व्यापार और फल-फूल सके।

यह साफ है कि सरकार के लिए सामाजिक सरोकार और महिलाओं का मान-सम्मान सिर्फ चुनावी स्लोगन बनकर रह गए हैं। हकीकत में, शासन की प्राथमिकता केवल अपना खजाना भरना है, चाहे उसके लिए जिले को नशे के दलदल में ही क्यों न धकेलना पड़े। 317 करोड़ का यह आंकड़ा सरकार की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**सिवनी।** सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुडोपार गांव के पास गुरुवार देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार अनूप सैयाम (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना देर रात उस समय हुई जब युवक घंसौर ग्राम से अपने घर सियामऊ जा रहा था।

बाइक के अचानक फिसलने से अनूप सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया गया।

घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल, अनूप की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां वाहनों और लोगों का आवागमन काफी अधिक रहता है। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास अन्य वाहन या अधिक संख्या में लोग मौजूद नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर फिसलन या असंतुलन के कारण बाइक अनियंत्रित हुई प्रतीत होती है।

## कान्हीवाड़ा पुलिस की बड़ी सफलता

# लापता हुए दोनों बालक मंडला में मिले सकुशल


राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in


**पुलिस** की सक्रियता और सूचना तंत्र के सटीक समन्वय से थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्र से लापता हुए दो मासूम बालकों को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया है। आभास ठाकुर (11) और दद्दू ठाकुर (11) जो शुक्रवार सुबह घर से निकले थे, उन्हें मंडला जिले से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

### त्वरित कार्रवाई से मिली कामयाबी

जैसे ही पुलिस को बच्चों के लापता होने की सूचना मिली, सिवनी पुलिस कंट्रोल रूम और कान्हीवाड़ा थाना की टीम तुरंत हरकत में आई। सोशल मीडिया और पुलिस नेटवर्क के माध्यम से बच्चों का विवरण तेजी से प्रसारित किया गया। पुलिस ने बच्चों के संभावित रास्तों थावरी, हिनोतिया पर निगरानी बढ़ाई। वही मंडला पुलिस के साथ निरंतर संपर्क और क्षेत्रीय इनपुट के आधार पर बच्चों की लोकेशन



ट्रैक की गई। साथ ही पुलिस ने इस सफलता का श्रेय आम नागरिकों और शुभचिंतकों को भी दिया है, जिन्होंने जानकारी साझा करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### सुरक्षित वापसी, परिवार में खुशी की लहर

बच्चों के सकुशल मिलने की खबर मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कान्हीवाड़ा पुलिस की इस तत्परता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जन-सुरक्षा के प्रति खाकी हमेशा सजग है।

# सिवनी में हत्या के प्रयास में फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

### कार, पिस्टल और कारतूस बरामद; पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस


राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in


**सिवनी** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अजीत उपाध्याय, प्रबुद्ध शुक्ला और उनके एक साथी को पकड़कर उनके कब्जे से एक कार, पिस्टल, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद किया है।



### शहर में निकाला गया जुलूस

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का शहर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस भी निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस घटना में इनके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे। पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

### युवक पर हमले के बाद फरार थे आरोपी

पुलिस के अनुसार हाल ही में शहर में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की तलाश के लिए कोतवाली पुलिस की विशेष टीम बनाई गई थी।

**पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र से दबोचे गए**


कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक कार, पिस्टल, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद किए गए।

### पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी अजीत उपाध्याय और प्रबुद्ध शुक्ला के खिलाफ पहले से ही मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायलयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433